भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 383
03 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

आयुध निर्माणी बोर्ड

383. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रक्षा कार्मिकों के लिए हथियार, गोला-बारूद और कपड़े का उत्पादन करने वाली 41 विनिर्माण इकाइयों वाले आयुध निर्माणी बोर्ड को 7 कॉरपोरेट इकाइयों में विभाजित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आयुध निर्माणियों द्वारा उत्पादित हथियार और गोला-बारूद घटिया स्तर के थे जिसके परिणामस्वरूप रक्षा कार्मिकों द्वारा क्षेत्र में उनका उपयोग करते समय दुर्घटनाएं हुई थीं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त निर्णय बहुत पहले ही ले लेने में हुए विलंब के क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण हथियारों और गोला-बारूद के उत्पादन के लिए क्या तंत्र स्थापित किया गया है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): जी, हां। आयुध निर्माणियों में प्रकार्यात्मक स्वायत्तता, कार्य कुशलता बढ़ाने और विकास की नई संभावना तलाशने तथा नवाचार लाने के लिए सरकार ने आयुध निर्माणी बोर्ड की उत्पादन इकाइयों को सार्वजनिक क्षेत्र के 07 सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। इसका ब्यौरा अनुबंध के रूप में दिया गया है।

(ग) और (घ): जी, नहीं। प्राधिकरणों (गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय/रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) जिनके पास सीलबंद विवरण होता है, के द्वारा प्रदत्त गुणवत्ता आश्वासन (क्यूए) योजना के अनुसार निर्धारित विनिर्देशनों का पालन करते हुए आयुध निर्माणियों द्वारा निर्मित शस्त्र और

गोला बारूद और डीजीक्यूए द्वारा उचित जांच के पश्चात इनकी उपयोगकर्ताओं को आपूर्ति की जाती है। उपर्युक्त के बावजूद कुछ मामलों में उपयोगकर्ताओं द्वारा दुर्घटनाओं/खराबी की सूचना दी गई थी। प्रमुख घटनाओं की डीजीक्यूए द्वारा खराबी जांच तंत्र के माध्यम से जांच की जाती है और सस्तुतियों के अनुसार सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

(ङ) उत्पादन यूनिटों द्वारा विनिर्मित सभी उत्पाद विभिन्न गुणवत्ता जांच के अध्यधीन होते हैं जो गुणवत्ता आश्वासन योजना (क्यूएपी)/स्वीकृत जांच योजना (एटीपी)/गुणवत्ता योजना आदि के आधार पर होते हैं। इन गुणवत्ता योजनाओं/दस्तावेजों के लिए रक्षा स्टोर्स के विनिर्माण के सम्पूर्ण चक्र के दौरान की जाने वाली सभी जाचों के लिए स्पष्ट दिशानिदेश है। इसके अलावा निर्धारित इंस्पेक्टर ऑफ कस्टमर द्वारा गुणवत्ता आश्वासन (क्यूए) नामक द्वितीय पक्ष जांच कवरेज किया जा रहा है जो सेना, वायु सेना और नौसेना को जारी स्टोर्स के लिए गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए), एयरोनाटिकल गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीएक्यूए) और नौसेना शस्त्रागार जांच महानिदेशालय (डीजीएनएआई) द्वारा क्यूएपी/एटीपी के आधार पर किया जाता है।

****

'आयुध निर्माणी बोर्ड' के बारे में लोक सभा में दिनांक 03.02.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं. 383 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

7 डीपीएसयू का ब्यौरा

डीपीएसयू		आयुध निर्माणी	
1.	म्यूनिशिन इण्डिया लिमिटेड (एमआईएल) (गोला बारूद एवं विस्फोटक) मुख्यालय – खड़की, पुणे।	1.	गोलाबारूद निर्माणी खड़की
		2.	कॉर्डाइट निर्माणी अरुवनकाडू
		3.	हाई एनर्जी प्रोजेक्टाइल निर्माणी तिरूचिरापल्ली
		4.	अति विस्फोटक निर्माणी खड़की
		5.	आयुध निर्माणी भंडारा
		6.	आयुध निर्माणी बोलांगीर
		7.	आयुध निर्माणी चंदाचन्द्रपुर
		8.	आयुध निर्माणी देहू रोड
		9.	आयुध निर्माणी इटारसी
		10.	आयुध निर्माणी खमरिया
		11.	आयुध निर्माणी नालंदा
		12.	आयुध निर्माणी वारांगांव
2.	आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (अवनी) (वाहन) मुख्यालय- अवडी, चैन्नई	1.	इंजन निर्माणी आवड़ी
		2.	भारी वाहन निर्माणी आवड़ी
		3.	मशीन टूल्स प्रोटोटाइप निर्माणी अंबरनाथ
		4.	आयुध निर्माणी मेडक
		5.	वाहन निर्माणी जबलपुर
3.	एडवांस्ड वेपन्स एण्ड इक्विपमेंट इण्डिया लिमिटेड (AWEIL) (शस्त्र एवं उपस्कर) मुख्यालय - कानपुर	1.	फील्ड गन निर्माणी कानपुर
		2.	गन कैरिज निर्माणी जबलपुर
		3.	तोप एवं गोला निर्माणी काशीपुर
		4.	आयुध निर्माणी कानपुर
		5.	आयुध निर्माणी परियोजना कोरवा
		6.	आयुध निर्माणी तिरूचिरापल्ली
		7.	राइफल निर्माणी ईशापुर
		8.	लघु शस्त्र निर्माणी कानपुर
4.	ट्रूप कंफर्ट लिमिटेड (टीसीएल) (ट्रूप कंफर्ट मदें) मुख्यालय - कानपुर	1.	आयुध वस्त्र निर्माणी आवडी
		2.	आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर
		3.	आयुध उपस्कर निर्माणी कानपुर
		4.	आयुध उपस्कर निर्माणी हजरतपुर

5.	यंत्र इण्डिया लिमिटेड (वाईआईएल) (एन्सीलरी) मुख्यालय - नागपुर	1.	ग्रे आयरन फाउंड्री जबलपुर
		2.	धातु एवं इस्पात निर्माणी ईशापुर
		3.	आयुध निर्माणी अंबरनाथ
		4.	आयुध निर्माणी अंबाझरी
		5.	आयुध निर्माणी भुसावल
		6.	आयुध निर्माणी दमदम
		7.	आयुध निर्माणी कटनी
		8.	आयुध निर्माणी मुरादनगर
6.	इण्डिया आप्टेल लिमिटेड (आईओएल) (ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिक्स मुख्यालय - देहरादून	1.	आयुध निर्माणी चंडीगढ़
		2.	आयुध निर्माणी देहरादून
		3.	ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माणी देहरादून
7.	ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड (जीआईएल) (पैराशूट) मुख्यालय - कानपुर	1.	आयुध पैराशूट निर्माणी कानपुर

*****